LOK ALOK NEWS WEB NETWORK www.lokalok.in

# लोक आलोक न्युज

www.lokalok.in
E-mail:editor@lokalok.in

25:04:2020
सहरी 04:21 AM
इफ्तार 06:54 PM

दिनः शुक्रवार, | Digital एडिशन | दिनांक : 24 अप्रैल, 2020

Scan QR Code for more information

पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के जरिए देश के सरपंचों से बातचीत की और योजनाओं का शुभारंभ किया.




## जमशेदपुर के पास घाटशिला में पाया गया कोरोना पॉजिटिव




## झारखंड में कुल 50 संक्रमित मरीज, इनमें से 29 रांची के हैं, जिनमें 27 मरीज सिर्फ हिंदपीढ़ी के,



## कल से रमजान का पाक महीना शुरू




---

● सम्पादकीय

# कोरोना : दवा की तलाश

Scan QR Code for more information



LOK ALOK NEWS WEB NETWORK www.lokalok.in

# लोक आलोक न्युज


www.lokalok.in
E-mail:editor@lokalok.in

झारखण्ड कोरोना UPDATE

| संक्रमित | मौत |
|---|---|
| 59 | 03 |

दिनः शुक्रवार, Digital एडिशन दिनांक : 24 अप्रैल, 2020

## पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के जरिए देश के सरपंचों से बातचीत की और योजनाओं का शुभारंभ किया.



**नई दिल्ली (एजेनसिंया)**– पंचायती राज दिवस के अवसर पर दिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सरपंचो से बात कर उन्हें बधाई दी. प्रधानमंत्री ने ई स्व राज पोर्टल मोबाइल एप व स्वानमित्व योजना का शुभारंभ करते हुए इसकी महत्ताह को बताई. साथ ही कहा कि कोरोना संकट से हमें संदेश मिलता है कि हम आत्मीनिर्भर बनें. प्रधानमंत्री ने कहा, शकिसान का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है. क्योकि वो हमारा अन्नदाता है. किसान और पशुपालक साथियों ने लॉकडाउन के समय देश को अनाज, दूध, दही, फल की कमी नहीं होने दी. इसके लिए किसानो का तारीफ भी प्रधानमंत्री ने किया. आपको बता दे कि लॉक डाउन लागू होने के बाद से अब तक प्रधानमंत्री ने समय समय पर मुख्यमंत्रियो से भी बात किया है. और राज्य की स्थिति जानने के बाद उचित कार्रवाई का निर्देश भी दिया है. ज्ञात हो कि आए 27 अप्रैल को एक बार फिर से प्रधानमंत्री राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात करने वाले है . आशा की जाती है कि इस दौरान लॉक डाउन बढने या खत्म होने पर भी निर्णय लिया जा सकता है.

## रांची के चान्हो में नर्स पर थूका, ट्रक ड्राइवर व खलासी को जेल

**रांची** – झारखंड के रांची जिले के चान्हो प्रखंड में स्कूटी सवार नर्स पर गुटखा खाकर थूकने के आरोप में ट्रक के खलासी विकास सिंह व चालक श्रवण यादव को जेल भेज दिया गया. इन दोनों आरोपियों के खिलाफ चान्हो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. गुरुवार को इन्हें जेल भेज दिया गया. राज्य में किसी स्वास्थ्यकर्मी के ऊपर थूकने के मामले में यह संभवतरू पहली कार्रवाई है. ज्ञात हो कि सरकार द्वारा गुटखा, पान मसाला आदि खा कर थूकने वालो के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया जा चुका है।

## जमशेदपुर के पास घाटशिला में पाया गया कोरोना पॉजिटिव




**जमशेदपुर (रिपोर्टर)**– जमशेदपुर से सटे ग्रामीण इलाके घाटशिला अनुमंडल में घाटशिला स्टेशन के पास स्थित आरपीएफ के बैरक में रहने वाला आरपीएफ का जवान कोरोना पोजिटिव पाया गया है. उसके साथ 21 जवान भी उसी बैरक में रहते थे, जिसके बाद हड़कंप मच गया है. कोल्हान प्रमंडल पूरी तरह कोरोना वायरस से अब तक सुरक्षित माना जाता था और यह ग्रीन जोन में रखा गया था. झारखंड का पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिला में अब तक एक भी पोजिटिव मरीज नहीं पाया गया था, लेकिन पूर्वी सिंहभूम जिले के ही घाटशिला बैरक के जवान के कोरोना पोजिटिव पाये जाने से हड़कंप मच गया है. बताया जाता है कि आरपीएफ बैरक में जो जवान कोरोना वायरस का पोजिटिव पाया गया है, वह मूल रुप से उत्तर प्रदेश के बनारस का रहने वाला है. उसके पोजिटिव पाये जाने के बाद से हड़कंप मच गया है. मिली जानकारी के मुताबिक, 16 अप्रैल को एक मालगाड़ी से आरपीएफ के 26 जवानों और अधिकारियों को गोला बारूद लाने के लिए दिल्ली भेजा गया था. इस टीम में घाटशिला बैरक के दो जवान भी शामिल थे. एक मालगाड़ी से सभी जवान दिल्ली से खड़गपुर पहुंचे थे. इसके बाद दोनों जवान भी घाटशिला के आरपीएफ बैरक में लौट आये थे. इसके बाद स्थानीय प्रशासन को मालूम चला कि दोनों दिल्ली से लौटे है. इसके बाद दोनों ही जवानों को होम क्वारंटाइन कर दिया गया था. एक जवान को उसके क्वार्टर में जबकि दूसरे जवानो को बैरक के पास एक कमरे में क्वारंटाइन कर दिया गया था. इस बीच जितने भी जवान दिल्ली गये थे, उसकी जांच खड़गपुर में की गयी. उस जांच में एक जवान कोरोना पोजिटिव पाया गया था. इसके बाद सभी जवानों की जांच करने की मांग उठ गयी. इसके बाद घाटशिला में होम क्वारंटाइन में रखे गये दोनों जवानों को खड़गपुर वापस भेजा गया और उनकी जांच 21 अप्रैल को की गयी. वैसे यह पूर्वी सिंहभूम जिले में गिनती होगी या नहीं, यह कहा नहीं जा सकता है, लेकिन जवान इसी जिले के घाटशिला में रहता है और इसकी जांच सिर्फ खड़गपुर में हुआ है. हालांकि जमशेदपुर के डीसी रविशंकर शुक्ला ने कहा कि संक्रमित जवान खड़गपुर मे ही तैनात है घाटशिला वो कुछ दिन के लिए ही आया था। इसलिए उसकी गिनती पूर्वी सिंहभूम में नही की जाएगी

## झारखंड में कुल 50 संक्रमित मरीज, इनमें से 29 रांची के हैं, जिनमें 27 मरीज सिर्फ हिंदपीढ़ी के,



**रांची (रिपोर्टर)**–झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या 50 हो गई है। इनमें 29 संक्रमित मरीज रांची के हैं, जिनमें 27 मरीज सिर्फ हिंदपीढ़ी के हैं। इसके बाद भी रांची के कई हिस्सों में लोग बिना जरूरी काम घरों बाहर निकल रहे हैं। सोशल डिस्टेंस का पालन किए बगैर खरीदारी भी कर रहे हैं। गुरुवार को भी कई स्थानों पर सब्जी खरीदारी के दौरान लोगों ने सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं किया। ऐसी स्थिति कोरोना संक्रमण को रोकने में बड़ी बाधा उत्पन्न कर सकती है। वहीं, हिंदपीढ़ी के चार लोग कोरोना को मात देकर रिम्स से निकले। उनके चेहरे पर खुशी थी तो जुबां पर डॉक्टरों के लिए दुआएं थी। इनमें से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने कहा–कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है। डॉक्टरों की सलाह और गाइडलाइन फॉलो करें तो चिंता की जरूरत नहीं। मलेशियाई युवती पर एफआईआर दर्ज है, इसलिए उसे नहीं छोड़ा गया है। इधर, कोरोना पॉजिटिव मरीजों का इलाज करने वाले 5 जूनियर डॉक्टर और 4 नर्स 14 दिन क्वॉरेंटाइन से

विशेषज्ञों के अनुसार यदि आप ऐसी जगह पर हों जहां कोरोना पीड़ित मरीज है तो आपको मास्क पहनना जरूरी है। कोरोना वायरस छींक या खांसी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल रहा है। छींक और खांसी की बूंदें हाथों और अन्य सतहों पर चिपक जाती हैं। लोग सतह को छूने के बाद हाथ आंख, नाक या मुंह छूते हैं। इसके अलावा मास्क लगाने का एक फायदा यह भी है कि कोई व्यक्ति अपने मुंह और नाक को नहीं छू सकता है। इसका मतलब यह है कि इससे सतहों पर बचे कीटाणुओं को अंदर जाने से रोका जा सकता है.इधर, राज्य सरकार ने गुटखा, खैनी, हुक्का और ई–सिगरेट आदि की बिक्री और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यदि कोई तंबाकू और गुटखा खाकर सार्वजनिक स्थानों थूकता पकड़ा गया तो जुर्माने के साथ छह महीने की जेल हो सकती है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, स्वास्थ्य संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, थाना परिसर सहित सार्वजनिक स्थलों में यह आदेश लागू होगा।



Cough



Shortness of Breath

Scan QR Code for more information

## झारखण्ड में कांग्रेस की महिला विधायक के व्यवहार से परेशान होकर पाँच थाना के थानेदार सहित पुलिसकर्मियों ने एसपी से दूसरे जगह बदली करने की मांग.'


**गोड्डा (रिपोर्टर)** – महागामा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक दीपिका पांडे सिंह के व्यवहार से नाराज, गोड्डा जिले के पांच थाना के प्रभारी और पुलिसकर्मी ने जिले के एसपी और पुलिस एसोसिएशन को पत्र लिखकर खुद का स्थानांतरण करने की मांग की है। गोड्डा जिले के महागामा विधानसभा क्षेत्र में पढ़ने वाले मेहरमा,महागामा, हनवारा,बेलवाअड्डा और ठाकुर गंगटी के थाना प्रभारी और सभी पुलिसकर्मियों ने गोड्डा एसपी और झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन और झारखंड पुलिस एसोसिएशन को पत्र लिखकर कहा है कि हम सभी पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों को महागामा विधानसभा क्षेत्र के थाना से दूसरे जगह स्थानांतरण करने की कृपा की जाए ताकि हम सभी विधि सम्मत सरकारी कार्य करते हुए अपने आत्मसम्मान को बचा सकें। मेहरमा, महागामा, हनवारा बेलवाअड्डा और ठाकुर गंगटी के थाना प्रभारी और सभी पुलिसकर्मियों ने गोड्डा एसपी और झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन और झारखंड पुलिस एसोसिएशन को पत्र लिखकर कहा की महागामा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी श्रीमती दीपिका पांडे सिंह निर्वाचित हुई है।इनके निर्वाचित होने के बाद से थाना क्षेत्र में माननीय विधायक एवं विधायक के कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक का धौंस दिखाकर हमेशा हमारा और हमारे अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाते रहते हैं.जिससे विधि सम्मत कार्य करने में काफी कठिनाई होती है.साथ ही वर्तमान समय में कोरोना महामारी के दौरान लॉक डाउन के अनुपालन कराने के क्रम में विधायक के कार्यकर्ताओं के द्वारा लॉक डाउन को तोड़ा जाता है.और उनको समझाने और मना करने पर माननीय विधायक एवं उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। मेहरमा,महागामा,हनवारा बेलवाअड्डा और ठाकुर गंगटी के थाना प्रभारी और सभी पुलिसकर्मियों पत्र लिखकर कहां की विधायक एवं उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा बार–बार निलंबित कराने की धमकी दिया जाता है जिससे थाना पर पदस्थापित पुलिस अधिकारी और कर्मी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचता है। और कार्य स्थल पर कार्य करने में काफी परेशानी उत्पन्न होती है। इससे पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों का भावना काफी आहत है एवं मनोबल भी काफी नीचे गिरा हुआ है। महागामा विधानसभा क्षेत्र के थाना से दूसरे जगह स्थानांतरण करने की कृपा की जाए।ताकि हम सभी विधि सम्मत सरकारी कार्य करते हुए अपने आत्मसम्मान को बचा सकें। मिली जानकारी के अनुसार पत्रकार अर्णब गोस्वामी के द्वारा दिए गए बयान के बाद बुधवार की रात विधायक दीपिका पांडे सिंह के द्वारा महागामा थाना में अर्नब गोस्वामी के ऊपर एफआईआर दर्ज करने गई थी।इसके बाद थाना प्रभारी ने कहा मैं अपने ऊपर के अधिकारी से बात करके फिर एफआईआर कर लेंगे।इसी इसी दौरान विधायक के 50 से ज्यादा समर्थक थाना का घेराव कर लिए.इसके बाद में मेहरमा थाना में पुलिस के वरीय अधिकारी पहुंचे और एसपी भी पहुंचे.इसके बाद विधायक दीपिका पांडे थाना में धरने पर बैठ गई.एसपी के पहुंचने के बाद एफ आई आर दर्ज हो गया इसके बाद विधायक ने कहा कि हम थानेदार के यहां से एफआईआर का कॉपी नहीं लेंगे।हम एसपी के यहां से एफआईआर का कॉपी लेंगे. एसपी के द्वारा विधायक को एफआईआर कॉपी देने के बाद विधायक ने कहा कि,थाना प्रभारी को सस्पेंड कीजिए. इसके बाद एसपी ने इसमें अपनी असमर्थता जाहिर की लेकिन विधायक ने कहा कि अभी ही सस्पेंड करना होगा।

## कल से रमजान का पाक महीना शुरू



**दिल्ली/राँची (रिपोर्टर)**– भारत में रमजान का पाक महीना कब से शुरू होगा ये इस बात पर निर्भर करता है कि चांद कब दिखाई देगा। गुरुवार को कर्नाटक के उडुपी और दक्षिणा कन्नड़ जिलों में चांद का दीदार हो चुका है जिस कारण इन जगहों पर आज यानी 24 अप्रैल से रमजान शुरू हो गये हैं। जबकि देश के बाकी हिस्सों में आज चांद दिखाई दे सकता है जिससे कल पहला रोजा रखा जाने की उम्मीद है। वहीं सऊदी अरब में माह–ए–रमजान शुरू हो चुका है। दरअसल, सऊदी अरब में भारत से एक दिन पहले रमजान शुरू होते हैं और ईद भी एक दिन पहले मनाई जाती है। बता दे कि इस माह में लोग रोजे रखते हैं। कुरान पढ़ी जाती है और रात के समय लोग विशेष नमाज अदा करते हैं। हर साल रमजान की तारीख में परिवर्तन होता रहता है। इस बार 23 अप्रैल को चांद का दीदार होने की उम्मीद है जिस कारण 24 अप्रैल से रमजान शुरू होने की उम्मीद हैं। इस्लामिक धर्म में 7 साल की उम्र के बाद से रोजे रखे जा सकते हैं। चांद का दीदार होने के बाद से नमाज पढ़ने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जिसे तरावीह कहते हैं। चांद दिखने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह सहरी खाकर रोजा रखते हैं। रमजान में दिन भर में 5 बार नमाज पढ़ी जाती है। रोजे रखने वालों को सिर्फ खाने पीने की चीजों से ही नहीं बल्कि झूठ बोलने और गलत कार्यों से भी परहेज करना होता है। ऐसा माना जाता है कि इन दिनों गलत देखने या सुनने से रोजे का पूर्ण फल प्राप्त नहीं हो पाता। इस बीच कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र से लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के साथ–साथ विभिन्न मुस्लिम धर्मगुरुओं ने मुस्लिमों से रमजान के दौरान घरों में ही इबादत करने की भी लोगों से अपील की है।

## पेंटिंग के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास



**जमशेदपुर**– सितगोडा निवासी दस वर्ष का प्रतीक ने लॉक डॉउन में अपने घर में रहते हुए ही चित्राकन के माध्यम से समाज को इस महामारी से लड़ने का संदेश दिया और बताया कि इस समय हमें एक दुसरे से दुरी बनानी जरूरी है। प्रतीक अभी वर्ग 4 के छात्र है।

## लॉक डाउन में जमातियो ने खिचड़ी खाने से किया इन्कार . . .

**धनबाद (रिपोर्टर)** – एक तरफ जहाँ कोरोना को लेकर अफरातफरी मचा हुआ है और लोग अपनी जान बचाने के पीछे लगे हुए है वही दूसरी तरफ सदर अस्पताल के क्वारंटाइन वार्ड में भर्ती तब्लीगी जमात से जुड़े लगभग 60 लोगों ने खाने को लेकर हंगामा कर दिया. जमातियों का कहना है कि उन्हें खिचड़ी पसंद नहीं है. फिर भी प्रशासन के लोग तीनों वक्त जबरन खिचड़ी दे रहे हैं. इसके बाद जमाती जबरन सदर अस्पताल से नीचे उतरने लगे और बाहर जाने की जिद्द करने लगे. जमातियों का कहना था कि खिचड़ी खा कर वह परेशान हो गए हैं अब उन्हें बाहर खाना खाना है. इसकी सूचना मिलने पर एसएसपी किशोर कौशल सदर अस्पताल पहुंचे. सिविल सर्जन डॉ. गोपाल दास और सदर अस्पताल के डॉक्टर विजेंद्र कुमार भी पहुंचे. सिविल सर्जन ने बताया कि प्रशासन की ओर से खिचड़ी मुहैया कराई जा रही है. लेकिन यहां तब्लीगी जमात के लोग हंगामा कर रहे हैं. इसके बाद एसएसपी किशोर कौशल ने काफी समझाया बुझाया. उन्होंने बताया कि खाने की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं है, लेकिन इस तरह से हंगामा करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी. इसके बाद जमाती शांत हुए और अपने–अपने वार्ड में चले गए. ज्ञात हो कि तब्लीगी जमात से जुड़े लोग लगभग 20 दिन पूर्व धनबाद के विभिन्न मस्जिदों से पकड़े गए थे. लॉक डाउन में यह छुपकर विभिन्न जगहों पर रह रहे थे. इसके बाद प्रशासन ने इन सभी को पकड़कर सदर अस्पताल में भर्ती कराया था. कोरोना वायरस को लेकर इन सभी के सैंपल की जांच कराई गई थी. जांच में सभी का रिपोर्ट नेगेटिव है. लेकिन जिला प्रशासन के सामने सबसे बड़ी परेशानी यह उत्पन्न हो गई है कि इन तब्लीगी जमात से जुड़े लोगों को अब मस्जिद वाले भी नहीं रख रहे हैं. मस्जिद वालों का कहना है कि उनके यहां जगह नहीं है. ऐसे में प्रशासन जबरन ले गया है तो प्रशासन को ही इसकी व्यवस्था करनी चाहिए. लॉक डाउन खत्म होगा तभी इसके बारे में आगे का कुछ उपाय किया जा सकता है. सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजेंद्र कुमार का कहना है कि तबलीगी जमात से जुड़े लोग बेवजह हंगामा कर रहे हैं. कुछ लोगों को इनके घर भी भेजा था, घर वाले इनको अपने पास शरण नहीं दिए. मस्जिद में भी इनको जगह नहीं मिली है. अब खाने को लेकर बेवजह हंगामा कर रहे हैं. प्रशासन के स्तर से जो भी खाना का प्रबंध होगा, हम वही मुहैया करा सकते हैं.

## भाजपा ने किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान, अंगवस्त्र, मास्क, पुष्प वर्षा व राशन सामग्री भेंटकर जताया आभार



जमशेदपुर (रिपोर्टर) – पूरा देश कोरोना वायरस से लड़ रहा है। इस वैश्विक महामारी कोरोना में अपनी परवाह किए बिना निरंतर साफ–सफाई में लगे स्वच्छताकर्मियों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा टिनप्लेट स्थित देबुन नगर में सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें हस्तनिर्मित मास्क, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर एवम पुष्प वर्षा कर उनके योगदान के प्रति आभार जताया। इसके उपरांत पार्टी ने सभी स्वच्छता कर्मियों को राशन सामग्री भेंटकर उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया। इस दौरान उपस्थित भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पार्टी द्वारा जरूरतमंद लोगों तक निरंतर सेवा प्रदान कर राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कोरोना महामारी के खिलाफ इस जंग में योद्धाओं की तरह लगातार संघर्ष कर रहे पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी, सफाईकर्मी, बैंक व पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी, सरकारी कर्मचारी व दवा विक्रेताओं,मीडिया कर्मी के प्रति पार्टी आभार प्रकट करती है। इस महामारी के दौरान इन सबका योगदान अतुलनीय है। इस दौरान मुख्यरूप से जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष दिनेश कुमार, पिछड़ी जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हलधर नारायण साह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, देबब्रत प्रसाद, राकेश, संतोष, नागेश,राकेश राव एवं अन्य उपस्थित थे।

## बिहार में फिर मिले कोरोना के 17 और मरीज, आंकड़ा पहुंचा 214,

पटना (रिपोर्टर) – बिहार में कोरोना विस्फोट हो गया है। जी हां, एक के बाद एक लगातार कोरोना के संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। एकबार फिर कोरोना के 17 नये पॉजिटिव मरीज मिले हैं लिहाजा कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 214 हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव की माने तो सर्वाधिक बक्सर में मरीज मिले हैं। बक्सर में अभी 10 और कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान हुई है। इससे पहले दो और मरीज मिले थे। बक्सर में मिले सभी कोरोना संक्रमित मरीज नया भोजपुर के रहवासी हैं। इनमें 4 महिलाएं और 6 पुरुष हैं। इनमें 14 महीने का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं, मधेपुरा में एक, मुंगेर में 1, सारण में 1, पटना में 2, औरंगाबाद में 2 और बक्सर में 10 मरीजों की पहचान हुई है। फिलहाल इनके सैंपल रिजल्ट पॉजिटिव आने के बाद सूबे में हड़कंप मच गया है। वहीं, पटना में एक पुरुष और एक महिला की पहचान हुई है। इसमें 40 की महिला मसौढ़ी की रहवासी है जबकि 44 साल का पुरुष पटना के डाकबंगला का रहने वाला है। गौरतलब है कि बिहार में शुक्रवार की सुबह से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इससे पहले मुंगेर के जमालपुर में भी 15 मरीज एक साथ मिले हैं और अभी 17 और मरीज सूबे के कई जिलों में मिले हैं लिहाजा स्वास्थ्य विभाग बढ़ते आंकड़ों को लेकर परेशान हो गया है।

## धतकीडीह ठक्कर बप्पा फुटबॉल मैदान में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए 1200 पैकेट कच्चा खाद्य सामग्री बस्तीवासियों के बीच वितरण किया गया





जमशेदपुर (रिपोर्टर) – स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर जन आहार सेवा कार्यक्रम के तहत सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए धतकीडीह ठक्कर बप्पा फुटबाल मैदान में 1200 पैकेट कच्चा खाद्य सामग्री बस्तीवासियों के बीच वितरण किया गया। जन आहार सेवा के कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर पश्चिम क्षेत्र के साकची जेल चौक, पी डब्लू डी कॉलोनी, कदमा रामनगर समुदायिक भवन, शास्त्रीनगर, धतकीडीह रेडियो मैदान, हरि मंदिर, रामजनम नगर, भाटिया बस्ती चौक, शिव पाथ, ग्रीन पार्क बस्ती, बागे बस्ती, कुसुम नगर बस्ती, झबड़ी बस्ती, कुम्हार पाड़ा, कपाली बस्ती सोनारी में 6000 जरूरतमंद लोग को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया गया. इस कार्य मे मुख्य रूप से स्वास्थ्य मंत्री के सचिव मनोज झा, बबुआ झा, गुड्डू क्लेश रजक, अमित कुमार, संजय तिवारी, दिनेश अग्रवाल, श्याम राव,जसपाल सिंह,राजू दास,जी पी साहू, जितेन्द्र, अनिल सिंह, ओ पी चौधरी, परविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, विक्रम, शशि , संतोष ,राम जी, विनय , उत्तम, सागर, राकेश जायसवाल, प्रेम राय, अनूप सुक्ला, मन्नू दा, छोटू शामिल थे।

## बच्चे को जन्म देने के 4 दिन बाद कोरोना पॉजिटिव निकली महिला, अस्पताल का स्टाफ क्वारंटाइन

रांची (रिपोर्टर) –कोरोना वायरस के मामले देश में लगातार बढ़ते जा रहे हैं. इस बीच झारखंड के रांची के रिम्स में अस्पताल के 28 स्टाफ को क्वारंटाइन किया गया है. ये सभी स्टाफ एक कोरोना वायरस से पीड़ित महिला के संपर्क में आए थे, जिसके बाद अब उन्हें क्वारनटीन किया गया है.रांची के रिम्स अस्पताल में एक महिला ने 19 अप्रैल को बच्चे को जन्म दिया. लेकिन चार दिन बाद जब उसका टेस्ट करवाया गया तो वह कोरोना वायरस से पॉजिटिव पाई गई. इसी बीच उसके संपर्क में डॉक्टर, जूनियर डॉक्टर, स्टाफ समेत अन्य अस्पताल के स्टाफ आए थे.इसी वजह से एहतियात के तौर पर सभी को क्वारंटाइन करने का फैसला लिया गया है. बता दें कि रांची का रिम्स अस्पताल राज्य के बड़े अस्पतालों में से एक है. आपको बता दें कि स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार झारखंड में अबतक 57 मामले सामने आए हैं, जबकि 3 की मौत हो चुकी है. हालांकि, कम मामले होने के बाद भी राज्य सरकार किसी तरह की ढील नहीं दे रही है.

## परशुराम जन्मोत्सव समिति इस बार जयंती मनाएगी लेकिन अपने अपने घरो में



जमशेदपुर, (रिपोर्टर)–परशुराम जन्मोत्सव समिति द्वारा हर एक साल बड़ी धूमधाम से विशाल शोभा यात्रा निकाला जाता था । लेकिन इस बार कोरोना नामक बीमारी और लॉकडाऊन के चलते सभी परशुराम भक्तो से निवेदन करती है की अपने अपने घरो या छत बालकोनी में दिया घंटा शंख और परशुराम जी की आरती पूजा कर के जयंती मनाए अक्षय तृतीय को और भगवान परशुराम से आशीर्वाद मांगे की इस कोरोना नामक महामारी से बचने और लड़ने की शक्ति प्रदान करे।

इधर महाराष्ट के पालघर में संतो की नृशंस हत्या की समिति कड़े शब्दो में निंदा करती है। एवं दोषियों पर कड़ी से कड़ी कारवाई की मांग करती है। परशुराम जन्मोत्सव समिति के राकेश उपाध्याय एवं रविकान्त भोजपुरिया का कहना है की भगवा वस्त्र धारण किये संतो की मॉबलींचींग से ब्राम्हण समाज मर्माहत है । ये मानवता की हत्या है ।











लोक आलोक न्यूज में
विज्ञापन के लिए संपर्क करे
8084400718
/lokaloknews /lokaloknews /lokaloknews

# कोरोना : दवा की तलाश

संपादकीय

कोविड–19 महामारी से कई मोर्चों पर लड़ाई जारी है। इसके इलाज का तरीका खोजना, इसके लिए कोई दवा या वैक्सीन बनाना आज पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। इसके इलाज को लेकर अंधेरे में रोशनी की एक किरण अभी चिकित्साशास्त्रियों को प्लाज्मा थेरैपी या फिर मलेरिया की एक पुरानी दवा हाइड्रॉक्सी क्लोरोक्विन में नजर आई है।



केरल देश का वह पहला राज्य हो गया है जो प्लाज्मा थेरैपी पर ट्रायल शुरू करने जा रहा है, हालांकि तुर्की में इस पर पहले से ही काम चल रहा है। इसके तहत कोरोना वायरस के संक्रमण के बाद ठीक हो चुके व्यक्ति से कुछ खून निकाल कर उसका प्लाज्मा बीमार व्यक्ति में इंजेक्ट कर दिया जाता है। देखा गया है कि पेशंट का इम्यून सिस्टम इंजेक्टेड प्लाज्मा में मौजूद ऐंटिबॉडीज की मदद से इनके जैसी और ऐंटिबॉडीज बनाना शुरू कर देता है।

केरल देश का वह पहला राज्य हो गया है जो प्लाज्मा थेरैपी पर ट्रायल शुरू करने जा रहा है, हालांकि तुर्की में इस पर पहले से ही काम चल रहा है। इसके तहत कोरोना वायरस के संक्रमण के बाद ठीक हो चुके व्यक्ति से कुछ खून निकाल कर उसका प्लाज्मा बीमार व्यक्ति में इंजेक्ट कर दिया जाता है। देखा गया है कि पेशंट का इम्यून सिस्टम इंजेक्टेड प्लाज्मा में मौजूद ऐंटिबॉडीज की मदद से इनके जैसी और ऐंटिबॉडीज बनाना शुरू कर देता है। ऐंटिबॉडीज किसी व्यक्ति के शरीर में तब बननी शुरू होती हैं, जब वायरस उस पर अटैक करता है। लेकिन कोविड–19 में वायरस की ग्रोथ इतनी तेज होती है कि हर किसी में उसे परास्त करने लायक ऐंटिबॉडीज नहीं बन पातीं। हां, जो पेशंट कोरोना वायरस से लड़कर ठीक हो जाते हैं, उनके खून में ये लंबे समय तक प्रवाहित होती रहती हैं और उनका शरीर बीमारी के वायरस को पहचानकर उससे लड़ने के लिए तैयार रहता है। ऐसे मरीज बाकी बीमारों के लिए भी आशा लेकर आ सकते हैं।



## मानगो में 16वाँ दिन भी खाद्द सामग्री का वितरण

**मानगो (रिपोर्टर)** – जयपाल कुंडली शिव शंकर कमेटी के तरफ से आज 16वाँ दिन जरूरतमंद भाइयों के बीच खिचड़ी भोग वितरण किया गया। जिसमें कमेटी के सदस्य कृष्ण गोपाल दुबे ,मनोज अग्रवाल, रविंद्र उपाध्याय, शिवहरि ,महेश कुमार ,सरोज सिंह , मुन्ना तिवारी आदि ने अपना उपस्थिति दर्ज करा कर इस कार्य को कमेटी के माध्यम से  भोग को वितरण किए।



## परसुडीह के गोलपहाड़ी क्षेत्र में बांटी गयी खाद्य सामग्री

**जमशेदपुर (रिपोर्टर)** – सबुज बंग्ला सोसायटी ने शुक्रवार को भी जरूरतमंदों को राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य जारी रखा।आज परसुडीह के गोलपहाड़ी क्षेत्र  खाद्य सामग्री का भी वितरण किया गया. इसमें चावल, दाल, नमक, तेल, आलू, मिर्च आदि दैनिक जरूरत की सामग्री शामिल थी. लॉकडाउन तक संस्था लोगों के सहायता के लिए अपना अभियान जारी रखेगी ऐसा संस्था के मौसमी दास ने कहा।

LOK ALOK NEWS WEB NETWORK
www.lokalok.in
अपनों को दे शुभकामना संदेश
लोक आलोक न्यूज
के साथ

Atlas Copco Authorised Dealer
Canon
WE WILL BE THERE WHEN YOU NEED US
For Spares and Services please call :
Apex Corporation India Pvt. Ltd.
7209006912, 7209909999

लोक आलोक न्यूज में
विज्ञापन के लिए संपर्क करे
8084400718
/lokaloknews /lokaloknews /lokaloknews

"IT PRODUCTS AVAILABLE "
hp
Lenovo
Canon
DELL
SUPERCENTRE
For home delivery call: 7209006912

BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 8084400718
+91 8083666506

LITTLE PLANET PLAY SCHOOL
(A STEP TO FUTURE)
ENGLISH MEDIUM SCHOOL




PRE NURSERY | NURSERY | L.K.G
ROAD NO.-32, CROSS ROAD NO.-2, NEAR SAROJ SEVA SADAN, ADITYAPUR-2
☎ 9708572111, 8084400718, 9334981733